दैनिक
# उत्तराखण्ड प्रहरी

उत्तराखण्ड का सबसे विश्वसनीय मीडिया पार्टनर

वर्ष 15 /अंक 63 / पृष्ठ 8
हरिद्वार, मंगलवार, 02 मई 2023
uttarakhandprahari19@gmail.com | e-paper: uttarakhandprahari.com
RNI No. :- UTTHIN/2009/27592
मूल्य- 2 रु.



राष्ट्रबोध कराता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मासिक कार्यक्रम ...
धामी ने प्रधानमंत्री से 'ग्रीनफील्ड सिटी' के लिए ...

# किसी भी पहल की सफलता लोगों पर उसके प्रभाव से मापी जाती है: पीएम मोदी



**नयी दिल्ली, (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम का दौरा करने और इसकी विविधता एवं संस्कृति का अनुभव करने के बाद 'युवा संगम' युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम की सराहना करने वाले जम्मू एवं कश्मीर के एक युवा को जवाब देते हुए कहा कि किसी भी पहल की सफलता लोगों पर उसके प्रभाव से मापी जाती है। नजाकत चौधरी ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर युवा संगम पहल के तहत असम की यात्रा करने का अवसर देने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। इसके जवाब में प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई कि चौधरी भविष्य में भी इस तरह की और यात्राएं करेंगे। चौधरी (22), प्रधानमंत्री का जवाब मिलने से काफी खुश थे। 'मैं प्रधानमंत्री से जवाब की उम्मीद नहीं कर रहा था, लेकिन उनका पत्र सबसे बड़े आश्चर्य के रूप में आया३ यह आखिरी सांस तक मेरी स्मृतियों में रहेगा।''

सीमावर्ती पुंछ जिले के मेंढर उपसंभाग के निवासी ने अपने पत्र में 24 फरवरी से छह मार्च के बीच असम की अपनी यात्रा को उनके लिए जीवन बदलने वाला क्षण बताया। चौधरी ने कहा, ''मैंने युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत मुझे असम की यात्रा करने और इसकी विविधता, संस्कृति और व्यंजनों का अनुभव करने का अवसर देने के लिए उन्हें (प्रधानमंत्री को) धन्यवाद दिया है।'' शिक्षा मंत्रालय के 'युवा संगम' युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करना है, विशेष रूप से विभिन्न राज्यों के युवाओं के बीच। साथ ही इसका उद्देश्य उन्हें भारत की संस्कृति और मूल्यों से परिचित कराना भी है। 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के विचार की अवधारणा भारत के विभिन्न राज्यों के बीच एक सांस्कृतिक संबंध बनाने के लिए तैयार की गई थी।

यह पहल फरवरी में शुरू की गई थी और युवा संगम के पहले चरण में 1,200 युवाओं की भागीदारी थी। युवाओं के पहले जत्थे ने पूर्वोत्तर भारत का दौरा किया। प्रधानमंत्री ने कहा, ''किसी भी महत्वपूर्ण पहल की सफलता लोगों पर उसके प्रभाव से मापी जाती है। किसी जन सेवक को संतुष्टि की सबसे बड़ी भावना तब महसूस होती है, जब लोग यह बताने के लिए लिखते हैं कि किसी विशेष घटना ने उनके जीवन को बदल दिया है।'' उन्होंने कहा, ''हमारे देश के विभिन्न क्षेत्रों का पता लगाने और नए अनुभवों को हासिल करने के लिए तैयार रहने वाले आप जैसे युवाओं का यह उत्साह वास्तव में सराहनीय है। तवी की भूमि से ब्रह्मपुत्र की भूमि तक की आपकी यात्रा ने स्पष्ट रूप से राष्ट्र के दो क्षेत्रों को करीब ला दिया है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में कई तरह की संस्कृति, व्यंजन, रीति-रिवाज और जीवन शैली है, जहां विभिन्न समुदायों से संबंधित लोग, विभिन्न धर्मों का पालन करते हैं, विभिन्न भाषाएं बोलते हैं, विभिन्न अनुष्ठानों का पालन करते हैं, न केवल सह-अस्तित्व में रहते हैं, बल्कि एक-दूसरे की विविध जीवन शैली का जश्न भी मनाते हैं। उन्होंने कहा, ''यह हमारे देश का वह अनूठा पहलू है, जिसने दुनिया को हमारी ओर खींचा है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान, हमने यह सुनिश्चित करने के लिए काम किया है कि हमारा सुंदर पूर्वोत्तर क्षेत्र 'ना दिल से दूर, न दिल्ली से दूर' हो। नतीजतन, आपने देखा होगा कि सभी क्षेत्रों में एक अभूतपूर्व परिवर्तन हो रहा है। चाहे वह संस्कृति हो या कृषि, वाणिज्य या संपर्क।

## शिमला नगर निगम चुनाव: 90 हजार से अधिक मतदाताओं के हाथ में 102 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला

**शिमला।** शिमला नगर निगम चुनाव में 34 वार्डों के लिए 102 उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं जिनका फैसला 90,000 से अधिक मतदाताओं के हाथ में है।

नगर निगम चुनाव के लिए मंगलवार को होने वाले मतदान का फैसला बृहस्पतिवार को आएगा।

राज्य निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार चुनाव में 93,920 मतदाताओं को वोट डालने का अधिकार है। इनमें 49,759 पुरुष और 44,161 महिलाएं हैं।

चुनाव में कांग्रेस ने बहुमंजिला इमारतों के नियमन के लिए नीतियां बनाने का वादा किया है, वहीं भाजपा ने हर घर में हर महीने 40,000 लीटर मुफ्त पानी देने तथा एक निगम, एक कर नीति लाने का वादा किया है।

पिछले साल दिसंबर में राज्य की सत्ता में आई कांग्रेस राजधानी शिमला में नगर निगम में अपना नियंत्रण फिर से चाहेगी, वहीं निगम के निवर्तमान बोर्ड का संचालन कर रही भाजपा भी इसे प्रतिष्ठा की लड़ाई के रूप में देख रही है।

## सरकार मजदूरों की सामाजिक व स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित कर उन्हें सशक्त बना रही है: शाह

**नईदिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के मौके पर श्रमिकों के योगदान को नमन किया और दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार उनकी समृद्धि के साथ ही उनकी सामाजिक व स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित कर उन्हें सशक्त बना रही है।



मजदूरों और श्रमिकों की उपलब्धियों का सम्मान करने और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए दुनियाभर में हर साल एक मई को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया जाता है। शाह ने एक ट्वीट में कहा, श्रमिक दिवस के अवसर पर भारत की प्रगति में अतुलनीय योगदान देने वाले देश के करोड़ों श्रमिकों के दृढ़ संकल्प व कड़ी मेहनत को नमन करता हूं। मोदी सरकार उनकी समृद्धि के साथ सामाजिक व स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित कर उन्हें सशक्त बना रही है, जिससे देश की श्रमशक्ति और मजबूत हो रही है। केंद्रीय श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि श्रमिकों के त्याग व श्रम ने भारत को प्रगति व उत्कर्ष का आधार प्रदान किया है और देश उनके समर्पण के प्रति नतमस्तक है।

## ऑपरेशन कावेरी : सूडान से 186 भारतीयों का एक और जत्था स्वदेश लौटा



**नई दिल्ली।** हिंसाग्रस्त सूडान से अपने नागरिकों को वापस लाने के भारत के अभियान ऑपरेशन कावेरी के तहत सोमवार को 186 भारतीय स्वदेश लौटे। भारत ने हिंसा से प्रभावित सूडान से अपने नागरिकों को निकालने के लिए पिछले सप्ताह ऑपरेशन कावेरी शुरू किया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट किया, ऑपरेशन कोवरी के तहत भारतीय नागरिकों का लौटना जारी। 186 यात्रियों के साथ एक विमान कोच्चि पहुंचा। ज्ञात हो कि रविवार को इस अभियान के तहत 229 भारतीय बेंगलूरू पहुंचे थे, जबकि इसके एक दिन पहले 365 भारतीय नागरिक दिल्ली आए। वहीं, इस निकासी अभियान के तहत शुक्रवार को दो जत्थों में 754 नागरिक भारत लौटे थे। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अब तक ऑपरेशन कावेरी के तहत भारत लौटने वाले भारतीयों की संख्या 2,140 हो गई है। ऑपरेशन कावेरी के तहत भारत ने जेद्दा में पारगमन सुविधा स्थापित की है। सूडान से निकाले जाने के बाद भारतीय नागरिकों को सऊदी अरब के इस शहर में लाया जा रहा है। भारत ने सऊदी अरब के शहर जेद्दा में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है।

## चुनाव आयोग ने कर्नाटक चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** भारत निर्वाचन आयोग ने सोमवार को कर्नाटक में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की और राज्य की टीमों को प्रदेश की सीमाओं पर सतर्कता बढ़ाने का निर्देश दिया। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मुख्य सचिवों, पुलिस महानिदेशकों, नोडल पुलिस अधिकारियों, नोडल अधिकारी सीएपीएफ , प्रवर्तन एजेंसी , तटरक्षक, एनसीबी और आयकर विभाग समेत कर्नाटक और सीमावर्ती राज्यों गोवा, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने राज्य की टीमों को राज्य की सीमाओं पर सतर्कता बढ़ाने का निर्देश दिया और छह पड़ोसी राज्यों में 185 अंतरराज्यीय चेक पोस्टों पर सतर्कता की आवश्यकता पर बल दिया। कुमार ने राज्य प्रशासन से धन बल को नियंत्रित करने में विफल स्थानीय अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने को भी कहा है। उन्होंने तटरक्षक और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अधिकारियों को कड़ी निगरानी रखने और नशीली दवाओं के खतरे को कम करने में मदद करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को चुनावी माहौल को खराब करने वाले किसी भी उल्लंघन और फर्जी पोस्ट के लिए सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखने का भी निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से मतदाता मतदान, लिंग, युवा और शहरी मतदाताओं की भागीदारी पर बार को और बढ़ाने का आग्रह किया। इस बीच आयोग ने 2018 में लोकसभा चुनाव में 83 करोड़ रुपये की तुलना में अब तक 305 करोड़ रुपये से अधिक जब्त किए हैं। कर्नाटक विधानसभा की 224 सीटों के लिए 10 मई को मतदान होंगे और 13 मई को वोटों की गिनती होगी।

## उप्र : निकाय चुनाव मतदान से 48 घंटे पहले सील कर दी जाएगी भारत-नेपाल सीमा

**महराजगंज।** उत्तर प्रदेश के नगरीय निकाय चुनावों के मद्देनजर नेपाल से सटी भारत की सीमा मतदान से 48 घंटे पहले आगामी दो मई को सील कर दी जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी सतेन्द्र कुमार ने सोमवार को यहां संवाददाताओं को बताया कि नेपाल से सटी भारत की सरहद पर आवाजाही के सभी रास्ते मंगलवार दो मई की शाम को बंद कर दिए जाएंगे, जो चार मई की शाम तक बंद रहेंगे। उन्होंने बताया कि सिर्फ आपात स्थिति में ही वाहनों को सीमा पार करने की इजाजत दी जाएगी। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) को सीमा सील करने की जिम्मेदारी दी जाएगी।

## आवश्यक सूचना

'उत्तराखंड प्रहरी' के सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि आप अपने प्रिय अखबार 'उत्तराखंड प्रहरी' महाभियान में शामिल हो सकते हैं। आप अपने द्वारा लिखी गई कोई भी संरचना, कविता, कहानी, लेख या कार्यक्रम हमसे साझा कर सकते हैं। अच्छे लेख व कहानी को 'उत्तराखंड प्रहरी' में उचित स्थान दिया जाएगा। आप अपने प्रियजनों को जन्मदिन, सालगिरह या अन्य शुभ अवसरों पर बधाई संदेश भी दे सकते हैं।

आप हमें ईमेल
uttarakhandprahari19@gmail.com या
whatsup no 8077771906 पर भी भेज सकते हैं।

# संपादकीय

## शर्मसार वे कर रहे हैं...

यकीनन पीटी उषा 1970-80 के दशक की महान धाविका थीं। उनकी तुलना भारत के ही महान 'उडन्न सिख' मिल्खा सिंह से की जाती थी। दोनों में साम्य यह रहा कि वे पलक झपकने की देरी से ओलंपिक पदक चूक गए थे, लेकिन वे फिर भी महान खिलाड़ी रहे। एशिया, राष्ट्रमंडल स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में उन्होंने मिसाल कायम की और भारत के लिए सम्माननीय पदक भी हासिल किए। मिल्खा सिंह आज दिवंगत हैं, जबकि पीटी उषा भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद हैं। सिर्फ एक ही बयान अथवा सोच के आधार पर उन्हें सोशल मीडिया और अखबारों में ट्रोल किया जा रहा है। आलोचनाएं की जा रही हैं। लानत-मलानत तक की नौबत आ गई है। पीटी उषा का यह अपमान भी स्वीकार्य नहीं है। एक किस्म का अन्याय है। अलबत्ता इस बार भी वह चूक गईं। इस बार लक्ष्य दौड़ का नहीं था, बल्कि खिलाडियों के प्रति संवेदनशीलता और विनम्र व्यापकता का था। उषा वरिष्ठ, पद में बड़ी और अनुभव में विराट हैं, लिहाजा वह धरने पर बैठे पदकवीर पहलवानों से मिलने जा सकती थीं। उनके साथ फुटपाथ पर बैठकर विमर्श कर सकती थीं और सिर पर दिलासा, समर्थन का हाथ रख सकती थीं। जो राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर एक सप्ताह से पड़े हुए हैं। वहीं सोते-जागते, खाते-पीते और अपना अभ्यास भी कर रहे हैं। कमोबेश उषा को उन्हें 'अनुशासनहीन' करार नहीं देना चाहिए था। जो महिला पहलवान अपनी इज्जत के लिए इंसाफ मांग रही हैं, वे देश को शर्मसार नहीं कर रहीं। उन्होंने तो अंतरराष्ट्रीय फलक पर 'तिरंगे' को गौरवान्वित किया है।

खेल और भारत की छवि पर कीचड़ वे मथ रहे हैं, जिन पर नाबालिग पहलवान के यौन-उत्पीडन्न का बेहद गंभीर आरोप है। देश की व्यवस्था को शर्मसार वे कर रहे हैं, जिन्होंने 'पॉक्सो कानून' के तहत प्राथमिकी दर्ज करने के बावजूद आरोपितों को गिरफ्तार नहीं किया है। कानून में स्पष्ट प्रावधान है कि ऐसे 'दरिन्दे' की 100 फीसदी गिरफ्तारी तय की जानी चाहिए। चूंकि मुख्य आरोपित बाहुबली है, अपराधी है और भाजपा का विजयी सांसद है, लिहाजा कानून की भी खिल्ली उड़ाई जा रही है। देश और उसकी लोकतांत्रिक, संवैधानिक आत्मा को शर्मसार वे कर रहे हैं, जो रात में धरना-स्थल की बत्ती गुल कर रहे हैं, जिन्होंने पेयजल और दूसरे पानी के टैंकर वहां से हटा लिए हैं, जिन्होंने सार्वजनिक शौचालय की सुविधा भी छीनने की साज़िश की है। पुलिस भी मानसिक अत्याचार करने पर तुली है। शर्मनाक है कि जिन पदकवीर खिलाडियों के लिए हमने पलक-पांवड़े बिछाए थे, उन्हीं के लिए प्रधानमंत्री समेत सरकार और पीटी उषा सरीखे पदेन चेहरे 'संवेदनहीन' हो गए हैं। आखिर कुछ महान खिलाडियों की चेतना ने बाध्य किया है कि धरना दे रहे पदकवीर पहलवानों का समर्थन करें। इनमें सबसे बड़ा नाम टोक्यो ओलंपिक के एकमात्र स्वर्ण पदक विजेता, भारतीय भाला-फेंक खिलाड़ी, नीरज चोपड़ा का है। कपिलदेव, भुटिया, अभिनव बिन्द्रा, हरभजन सिंह, वीरेन्द्र सहवाग, मनु भाकर, सानिया मिजऱा, निक़हत जऱीन आदि विश्व विख्यात खिलाडियों ने पहलवानों के विरोध-प्रदर्शन को समर्थन दिया है। राजनेताओं की अपनी भूमिका है। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने आह्वान किया है कि दिल्लीवाले छुट्टी लेकर जंतर-मंतर पहुंचें और अपने राष्ट्रीय नायकों का समर्थन करें। यह मुद्दा फिलहाल राजनीतिक नहीं बना है।

## राष्ट्रबोध कराता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मासिक कार्यक्रम मन की बात

डॉ. सौरभ मालवीय




किसी भी राष्ट्र की उन्नति के लिए आवश्यक है कि उसके प्रधानमंत्री की बात जनता तक पहुंचे तथा जनता की बात प्रधानमंत्री तक पहुंचे। इससे दोनों के मध्य तालमेल बना रहता है। इससे जनता को पता चलता है कि उनका प्रधानमंत्री उनके लिए क्या सोचता है तथा उनके लिए क्या कार्य कर रहा है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री को ज्ञात होता है कि जनता को उससे क्या अपेक्षाएं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विचारों के धनी हैं। उनकी वाक्पटुता अद्भुत है। उनके भाषणों में उनके इस सदगुण को देखा जा सकता है। वह 'मन की बात' नामक रेडियों कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न विषयों पर जनता से बात करते हैं। महीने के अंतिम रविवार को इस कार्यक्रम का प्रसारण किया जाता है।

उल्लेखनीय है कि मई 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद श्री नरेंद्र मोदी ने जनता से सीधा संपर्क करने के लिए आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम प्रारम्भ किया था। प्रथम बार अक्टूबर 2014 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से जनता को संबोधित किया गया। 30 अप्रैल को 100वां एपिसोड का महत्वपूर्ण पड़ाव है। इस कार्यक्रम में वह सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देते हैं तथा इसके अतिरिक्त जनकल्याण के लिए कार्य कर रहे लोगों के बारे में भी विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाते हैं। इस कार्यक्रम की एक बड़ी विशेषता यह भी है कि प्रधानमंत्री द्वारा 'मन की बात' के विषय के लिए जनता से आग्रह किया जाता है कि वे विषय भेजें तथा उन विषयों में से प्रधानमंत्री द्वारा कोई एक विषय का चयन किया जाता है। तत्पश्चात उस विषय पर प्रधानमंत्री द्वारा जनता को संबोधित किया जाता है। लोग अपने सुझाव सोशल मीडिया के माध्यम से प्रधानमंत्री तक पहुंचाते हैं। यह कार्यक्रम दूरदर्शन एवं आकाशवाणी द्वारा सीधा प्रसारित किया जाता है। यह यूट्यूब पर भी देखा जा सकता है। यह कार्यक्रम लगभग 20 मिनट का होता है। देश के अधिकांश लोगों के पास रेडियो है। आकाशवाणी पर इस कार्यक्रम का प्रसारण होने के कारण अधिक से अधिक लोग इसे सुन पाते हैं। इसके अतिरिक्त दूरदर्शन की पहुंच भी अधिकांश जनसंख्या तक है।

संचार क्रांति के इस युग में संचार माध्यमों का उपयोग करते हुए संचार माध्यमों के द्वारा मोदी जी प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। सर्व सुलभ रेडियो आज अपनी सार्थकता सिद्ध करने में सफल है। इसके द्वारा कहीं भी किसी भी रूप में भारत का आम आदमी दूरवर्ती पर्वत, मैदान, खेत-खलिहान, ट्रक चालक, बस चालक, खेतों में काम करने वाले किसान, मजदूर या दफ्तर में काम करने वाले कर्मचारी, अधिकारी सभी के लिए रेडियो उपयोगी है। रेडियो बिना तार के सर्व सुलभ है। इस माध्यम से मोदी जी भारत के मन की बात करते हैं, भारत के जीवन की बात करते हैं, समाज एवं जीवन की बात करते हैं, भारतीय ज्ञान परंपरा की बात करते हैं, भारतीय संस्कृति की बात करते हैं। भारतबोध का यह मंत्र तथा भारतबोध का दर्शन प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात में मोदी मंत्र के रूप में जनता को प्राप्त हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनेक विषयों पर अपने मन की बात जनता से साझा की है। इन विषयों में भारत की जी-20 अध्यक्षता, अंतरिक्ष में निरंतर प्रगति, वाद्य यंत्रों के निर्यात में वृद्धि, संस्कृति, शिक्षा, स्वास्थ्य, ड्रोन उद्योग, कौशल विकास, स्वच्छ भारत अभियान, कृषि एवं किसानों से संबंधित समस्याएं, विज्ञान से संबंधित मिशन, दिव्यांग बच्चों के लिए छात्रवृत्ति, विद्यार्थियों को परीक्षा के समय होने वाले तनाव तथा परीक्षा में सफल होने वाले बच्चों को बधाई, युवाओं से मद पदार्थों से दूर रहने का आग्रह, योग के लाभ, कन्या भ्रूण हत्या, लड़कियों के समग्र विकास पर चर्चा, सैनिकों की सराहना, जन धन योजना एवं सरकार की अन्य विकास योजनाओं की सफलता, खिलाड़ियों की प्रशंसा एवं बधाई, प्राकृतिक आपदा आदि सम्मिलित हैं। देश एवं समाज के हित के लिए उत्कृष्ट कार्य कर रहे लोगों पर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृष्टि है। वह उन्हें बधाई देते हुए प्रोत्साहित करते हैं।

उत्तराखंड प्रहरी
कविता



## बड़ी सुंदर है दुनिया

बड़ी सुंदर है यह दुनिया,
नजरिया देखने का साफ होना चाहिए।
ना हो नफरत दिलों में,
भाईचारा आपस में होना चाहिए।
हम सब है एक ही ईश्वर की संतान,
बस विचार मन में यही सबके होना चाहिए।
मत दुखाना दिल और
ना सताना कभी किसी को।
हो जाए गर कोई भूल किसी से,
तो जज्बा माफ करने का होना चाहिए।



सचिन बेदी अधिवक्ता, हरिद्वार

## फेक का एनकाउंटर

निर्मल असो

मेरी प्रतिभा का पहली बार पुलिस ने संज्ञान लिया और मेरे भीतर के एक्टर को काम पर लगा दिया गया। दरअसल पुलिस एनकाउंटर में मारे गए एक अपराधी व्यक्ति के बाबत जो जांच चल रही थी, उसमें सत्यता के दृश्य को पुनः स्थापित किया जा रहा था। मुझे अपराधी की भूमिका के लिए एकदम उपयुक्त पाया गया था। बाल की खाल निकालने वाली कानून व्यवस्था के तहत पुलिस को मेरी खाल से ही पता लगाना था कि देश के लिए एनकाउंटर में मरना कितना वास्तविक या फेक हो सकता है। आम लोगों की तरह मैं भारत का एक्टर और लोकतंत्र का सजग प्रहरी बना, उस समय देश की आंखों का तारा भी बन गया। मैं एक दृश्य बना पुलिस की निगरानी में था। देश के न्याय का सारा दारोमदार मेरे कंधों पर था। वहां देश की आजादी भी घूंघट काढ़े मुझे देखकर मंद-मंद मुस्करा रही थी। मेरा एक्ट देखने के लिए खास तौर पर आजादी के बाद हुए सभी दंगों के एक्सपर्ट और मूकदर्शक भी बुलाए गए थे ताकि इस खेल में कोई अनहोनी न हो। मुझसे बाकायदा यह पूछा गया कि किस मॉडल पर एक्टिंग करना पसंद करोगे। मेरे सामने प. बंगाल, बिहार, यूपी, गुजरात और महाराष्ट्र तक के मॉडल रखे थे, लेकिन मैंने भरोसा दिलाया कि बचपन से हमारे जैसे लोग अपने ही मॉडल पर एक्टिंग करते-करते यह सीख गए हैं कि एक कानून व्यवस्था ही है जो हमें कलाकार बना रही है। हम भारतीय यूं ही कला प्रेमी नहीं बने, बल्कि देश के हालात, कानून व्यवस्था के हालचाल और राजनीति की हर चाल ने कुछ किया या न किया हो, हमें अव्वल दर्जे का एक्टर जरूर बना दिया। हम अपने ही मर्डर को छुपा कर भगवान तक को धोखा दे सकते हैं।

अब तो न्यायालय में भी हम अपनी कला या वहां मौजूद कलाकारों के दम पर कानून तक से एक्टिंग समझ लेते हैं। बहरहाल मैं पुलिस की सृजनशीलता में अपराध का सीन बना देश को विश्वास दिला रहा था, 'मेरे कारण क्राइम फाइल पर चढ़ी धूल उड़ जाएगी। सारे संदेहों की परतें उतर जाएंगी और जो लोग हमेशा पुलिस या कानून प्रणाली पर अंगुली उठाते हैं, उनके भ्रम टूट जाएंगे।' आम नागरिकों से निकला मेरा वजूद वहां बिल्कुल अपराध दृश्य बना नजर आ रहा था। मेरी ईमानदारी ने यह साबित करना था कि पुलिस की गोली कभी फेक एनकाउंटर नहीं कर सकती। पहली बार मुझे लगा कि कानून की दृष्टि में मैं एक वजह, प्रासंगिक चरित्र और ईमानदारी का सबूत हूं। मेरे जैसे आम भारतीयों की प्रासंगिकता भी यही है कि हम न तो पुलिस की फाइल और न ही कानून की दुहाई पर कभी कीचड़ उछालते हैं। मैं पुलिस को आरोपों से और देश को पुलिस के शर्मसार व्यवहार से बचा सकता था। घूंघट काढ़े आजादी और मोटे काले चश्मे के भीतर देश के सामने 'क्राइम रिक्रिएशन' की रिहर्सल हो रही थी, लेकिन मैं अपने नाटक में पुलिस की टाइमिंग नहीं समझ पा रहा था। पुलिस और कानून की टाइमिंग अगर ठीक से साध लेता तो फेक एनकाउंटर भी असली लगता। अंततः फैसला लिया गया कि मेरे जैसे कलाकार अपराधी को वास्तविक एनकाउंटर में ही परखा जाए। वहां मौजूद देश की आजादी ने प्रोत्साहित किया, दंगों के प्रत्यक्षदर्शियों ने शाबाशी दी और राष्ट्रभावना की नारेबाजी ने माहौल ऐसा बनाया कि देखते ही देखते पुलिस की एक गोली मेरे सीने के आरपार हो गई।

यह देखते ही कानून व्यवस्था ने पुलिस को बधाई दी। देशभक्तों ने आजादी के साथ मेरी लाश देखकर देश को सुरक्षित मान लिया। यह सब खामोशी से देखते मीडिया ने तुरंत अपनी लंबी जीभ बाहर निकाली और घटनास्थल पर बह रहे खून को चाटना शुरू कर दिया। उसने एनकाउंटर के खून को भी चाट-चाट कर सफेद बना दिया।

वैद्यानिक सूचना
**उत्तराखंड प्रहरी** के संपादन में हम प्रयासरत है कि हमारी ओर से खबर में किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि न हो। हमारी कोशिश है कि अखबार में छपी किसी खबर, रिपोर्ट, फीचर या लेख से व्यक्ति विशेष, संगठन या समुदाय की भावना को ठोस न पहुंचे। **उत्तराखंड प्रहरी** में प्रकाशित लेख, विश्लेषण और साभार, ली गई सामग्री के विचार संबंधित लेखकों और रचनाकारों के निजी विचार हैं, न कि अखबार के। अतः सभी पाठकों से आग्रह है कि वे किसी सूचना, समाचार, विज्ञापनों आदि के आधार पर कोई फैसला करने से पहले तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। उसके लिए किसी भी प्रकार से लेखक, संपादक, प्रकाशक, प्रिंटर या विक्रेता को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है। तथा किसी भी कारोबारी और निज निर्णय के लिए **उत्तराखंड प्रहरी** जिम्मेवार नहीं होगा।

# SIT की दिन रात की कड़ी मेहनत का नतीजा आया सामने

**JE/AE भर्ती परीक्षा में 75 छात्र एंव 21 अभियुक्तों सहित 96 के खिलाफ न्यायालय में दाखिल की गयी चार्जशीट**

**अभियुक्तों को उचित सजा हेतु मा0 न्यायालय भेजा गया आरोप पत्र अब मा0 न्यायालय से होगी अग्रिम कार्यवाही**

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो



**हरिद्वार।** 08 जनवरी 2023 को पटवारी / लेखपाल पेपर लीक प्रकरण में दर्ज अभियोग की SIT हरिद्वार द्वारा सम्पादित की जा रही विवेचना के दौरान अभियुक्तगणों की निशादेही पर कुछ संदिग्ध दस्तावेज एई / जेई भर्ती बरामद हुए थे जिसकी जांच वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के आदेशानुसार की गयी बाद जांच प्ररकण में पेपर लीक सम्बन्धी तथ्य प्रकाश में आये जिसके उपरान्त दिनांक 03-02-2023 थाना कनखल में एई/जेई प्रकरण में पंजीकृत मु0अ0स0-45/2023 धारा 409,420,120 बी भादवि व परीक्षा निवारण व 7,8,13 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में विवेचना प्रारम्भ की गयी दौराने विवेचना नामजद अभियुक्तगणों से पूछताछ के उपरान्त उनकी निशादेही पर पेपर लीक कराने तथा छात्रो से धन लेकर परीक्षा से पूर्व अवैध तरीके से भिन्न- भिन्न स्थानों पर पेपर पढ़ाया जाना पाया गया ।

एसएसपी हरिद्वार अजय सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में JE/AE भर्ती परीक्षा में धांधली के सम्बन्ध दर्ज मुकदमे में एसआईटी द्वारा दिन रात कार्यवाही कर अब तक की गयी कड़ी कार्यवाही में 21 अभियुक्त जिनके द्वारा नकल गिरोह चलाया जा रहा था जिन्हे पूर्व में ही गठित SIT द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है जो वर्तमान में जेल में है। विवेचना में उनको प्रयाप्त साक्ष्यों के आधार पर दोषी मानते हुए उनके विरुद्ध आरोप पत्र मा0 न्यायालय प्रेषित किया गया है साथ ही नकल करने वाले 75 छात्रों को भी प्रयाप्त साक्ष्यों के आधार पर उनके विरुद्ध आरोप पत्र मा0 न्यायालय प्रेषित किया जा चुका है। जिसमें उक्त अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रिम आवश्यक कार्यवाही मा0 न्यायालय से की जायेगी। साथ ही अभियुक्तों से विवेचना के दौरान धनराशि 20 लाख 49 हजार रुपये की रिकवरी की गयी व अभियुक्त अनुराग के बैंक खाते में 13 लाख 41 हजार फ्रीज करवाये गये एंव अभियुक्त संजीव चर्तुवेदी द्वारा उक्त धनराशि से क्रय की गयी करीब 35 लाख की ज्वैलरी बरामद करते हुए विधिक कार्यवाही की गयी।

SIT द्वारा पटवारी भर्ती प्रकरण में अभी तक 20 अभियुक्तों एंव 40 छात्रों सहित 60 लोगो के विरुद्ध प्रयाप्त साक्ष्यों के आधार पर मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया जा चुका है साथ ही अभियुक्तों से 45 लाख 70 हजार रुपयों की रिकवरी कर विधिक कार्यवाही की गयी।

मु0अ0सं0 45/2023 धारा 409,420,120बी,411, भादवि व 3,4,5,7,9,10 उ0प्र0 व उत्तराखण्ड सार्वजनिक परीक्षा ( अनुचित साधनों की रोकथाम निवारण) अधिनियम व 7/8/12/13 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम बनाम संजीव चतुर्वेदी आदि चालानी थाना कनखल जनपद हरिद्वार

**अभियुक्तगण कुल 21**

1- सँजीव चतुर्वेदी अनुभाग अधिकारी अतिगोपन अनुभाग-3, राज्य लोक सेवा आयोग,उत्तराखण्ड जनपद हरिद्वार के विरुद्ध धारा 409,420,120बी,411, भादवि व 4,5,7,10 परीक्षा निवारण अधिनियम व धारा 7,13 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में आरोप पत्र प्रेषित

2- रितु चतुर्वेदी, रामकुमार, अंकुश, संजय धारीवाल, के विरुद्ध धारा 409, 420, 120बी, भादवि व 9,10 परीक्षा निवारण अधिनियम व धारा 08,12 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में आरोप पत्र प्रेषित

3- संजीब कुमार गागलहेडी सहारनपुर उ0 प्र0 के विरुद्ध धारा 409,420,120बी, भादवि व 9,10 परीक्षा निवारण अधिनियम व धारा 08,12 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में आरोप पत्र प्रेषित

4- मनीष गणेशपुर रुडकी के विरुद्ध धारा 409, 420, 120बी, भादवि व 9,10 परीक्षा निवारण अधिनियम व धारा 08,12 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में आरोप पत्र प्रेषित

5- संजीब कुमार सहरसा बिहार के विरुद्ध धारा 409,420,120बी, भादवि व 9,10 परीक्षा निवारण अधिनियम व धारा 08,12 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में आरोप पत्र प्रेषित

6- अमित गागलहेडी सहारनपुर उ0प्र0 के विरुद्ध धारा 409,420,120बी, भादवि व 9,10 परीक्षा निवारण अधिनियम व धारा 08,12 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में आरोप पत्र प्रेषित

7- अभयराम लक्सर जनपद हरिद्वार के विरुद्ध धारा 409, 420, 120बी, भादवि व 9,10 परीक्षा निवारण अधिनियम व धारा 08,12 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में आरोप पत्र प्रेषित

8- सोनू उर्फ खड़कू सहारनपुर के विरुद्ध धारा 409, 420, 120बी, भादवि व 9,10 परीक्षा निवारण अधिनियम व धारा 08,12 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में आरोप पत्र प्रेषित

9-दीपेन्द्र पंवार उर्फ सोनू उधमसिहं नगर के विरुद्ध धारा 409, 420, 120बी, भादवि व 9,10 परीक्षा निवारण अधिनियम व धारा 08, 12 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में आरोप पत्र प्रेषित (मिशन आई ए एस एकेड़मी रुद्रपुर उधमसिंह नगर का संचालक)

10- राजपाल गागलहेडी सहारनपुर उ0 प्र0 के विरुद्ध धारा 409, 420, 411, 120बी भादवि व 9,10 परीक्षा निवारण अधिनियम व धारा 08, 12 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में आरोप पत्र प्रेषित

11- नितिन चौहान सिडकुल हरिद्वार के विरुद्ध धारा 409, 420, 411, 120बी भादवि व 9,10 परीक्षा निवारण अधिनियम व धारा 08, 12 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में आरोप पत्र प्रेषित

12- संजय धारीवाल मंगलौर हरिद्वार के विरुद्ध धारा 409, 420, 411, 120बी भादवि व 9, 10 परीक्षा निवारण अधिनियम व धारा 08,12 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में आरोप पत्र प्रेषित

13- सुनील सैनी लक्सर हरिद्वार के विरुद्ध धारा 409, 420, 411, 120बी भादवि व 9, 10 परीक्षा निवारण अधिनियम व धारा 08,12 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में आरोप पत्र प्रेषित

14- अनुराग पाण्डेय उर्फ अनुराग कुमार बलिया उ0 प्र0 के विरुद्ध धारा 409, 420, 411, 120बी भादवि व 9, 10 परीक्षा निवारण अधिनियम व धारा 08, 12 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में आरोप पत्र प्रेषित

15- विवेक उर्फ विक्की भगवानपुर, हरिद्वार के विरुद्ध धारा 409, 420, 411, 120बी भादवि व 9, 10 परीक्षा निवारण अधिनियम व धारा 08, 12 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में आरोप पत्र प्रेषित( जिनियस कोचिंग सेन्टर रुड़की का संचालक) ।

## हरिद्वार पहुंच अभिनेत्री कंगना रनौत ने की गंगा आरती



**हरिद्वार।** बालीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने रविवार शाम श्री दक्षिणकाली मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। मां काली का आशीर्वाद लिया। गंगा घाट पर गंगा पूजन और आरती की। उन्होंने निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर और श्री दक्षिणकाली पीठाधीश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि महाराज से आशीर्वाद लिया। कंगना रनौत उनके साथ आध्यात्मिक और देश के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा भी की। साथ ही देश की सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान उनके साथ खानपुर विधायक उमेश कुमार भी साथ रहे। खानपुर विधायक के निमंत्रण पर वह दो दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड पहुंची हैं। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत में एक सवाल के जवाब में कंगना रनौत ने कहा कि वर्ष 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर देशभर में चर्चा हो रही है। लेकिन, 2024 में भी वही होगा, जो 2019 में हुआ था। एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि शादी दिल के रिश्ते होते हैं। यह भी सभी जानते हैं।

## उत्तर प्रदेश में भ्रमण पर पहुंची अखिल भारतीय सनातन परिषद

### सनानत धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए सराहनीय काम कर रही परिषदः अन्नपूर्णा भारती पुरी

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो



**हरिद्वार।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय सनातन परिषद के संस्थापक अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज के निर्देशानुसार संगठनात्मक प्रवास की श्रृंखला में अखिल भारतीय सनातन परिषद उत्तर प्रदेश में भ्रमण पर पहुंची है। जहां क्षेत्रीय कार्यालय मां बगलामुखी मंदिर, सनातन भवन नौरंगाबाद, अलीगढ़ में महामंडलेश्वर डॉ. अन्नपूर्णा भारती पुरी से भेंट की। उन्हें मां मनसा देवी की पवित्र चुनरी एवं प्रसाद भेंट किया।

महामण्डलेश्वर डॉ. अन्नपूर्णा भारती पुरी ने अखिल भारतीय सनातन परिषद उत्तर प्रदेश/उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश शर्मा, अन्तर्राष्ट्रीय महामंत्री पुरुषोत्तम शर्मा, राष्ट्रीय सचिव प्रचार प्रसार सतीश वन, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राजवीर सिंह कटारिया एवं सतीश कटारिया का क्षेत्रीय

कार्यालय पर स्वागत किया। मां बगलामुखी से अखिल भारतीय सनातन परिषद के पावन उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रार्थना करते हुए तिलक किया। स्वामी अड़गड़ानंद की लिखित श्रीमद्भागवत गीता यथार्थ गीता आशीर्वाद स्वरूप/स्मृति स्वरूप भेंट की। डॉ. अन्नपूर्णा भारतीय ने कहा कि सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के लिए सनानत परिषद सराहनीय कार्य कर रही है। निश्चित ही परिषद को उसके मकसन में सफलता अवश्य मिलेगी।

राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राजवीर सिंह कटारिया ने कहा कि सनातन धर्म अपने हिंदू धर्म के वैकल्पिक नाम से भी जाना जाता है। वैदिक काल में भारतीय उपमहाद्वीप के धर्म के लिए 'सनातन धर्म' नाम मिलता है। सनातन धर्म को लेकर देशभर में परिषद काम कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों, छूआछूत एवं भेदभाव को लेकर अखिल भारतीय सनातन परिषद काम कर रही है। सनातन हिंदू समाज में सामाजिक सद्भाव को सुदृढ़ करने के लिए प्रदेश में विधानसभा स्तर तक परिषद की इकाई गठित करने की तैयारी चल रही है। उत्तर प्रदेश में निकाय चुनावों के बाद भारतीय सनातन परिषद के संस्थापक अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज के निर्देशानुसार प्रदेश में प्रवास कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न दायित्वों की घोषणा के लिए रुपरेखा तैयार की जा रही है।

# जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस ने भरी बारिश में सप्तऋषि से लालकोठी तक हटाया अतिक्रमण





उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने सोमवार को लालजी वाला के पूरे क्षेत्र का अतिक्रमण की दृष्टि से रिमझिम बारिश के बीच निरीक्षण किया। जिलाधिकारी सर्वप्रथम सप्तऋषि बन्धा सप्तऋषि से निकट लालकोठी के पास पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि बन्धे पर गंगा नदी के एकदम किनारे-किनारे सिंचाई विभाग की फ्लड प्लेन एरिया में टिनशेड के माध्यम से कई अस्थाई अवैध निर्माण कर अतिक्रमण किया गया है। जैसे ही जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वहां पहुंचे तो अतिक्रमणकर्ताओं में हड़कम्प मच गया। वे बन्धे से नीचे उतरे तो एक हालनुमा अस्थाई कमरे में उन्होंने प्रवेश किया, जहां के अन्दर का नजारा देखकर वे दंग रह गये, जिसमें ठहरने की उचित व्यवस्था सहित कई सारे कम्बल रखे हुये थे, म्यूजिक सिस्टम लगा हुआ था, जिससे प्रतीत होता है कि वहां बाहर से आने वाले यात्रियों को ठहरने आदि की व्यवस्था सुलभ कराई जाती थी। उन्होंने मौके पर वहां अधिवास कर रहे लोगों से पूछा कि वे कहां के रहने वाले हैं, इस पर किसी ने अपने को पंजाब का तथा किसी ने हरियाणा का बताया। जिलाधिकारी ने तुरन्त अधिकारियों को जेसीबी मंगाकर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये। थोड़ी देर में जेसीबी पहुंच गयी, देखते-देखते जेसीबी के माध्यम से कई अतिक्रमण को धराशाई करने का कार्य प्रारम्भ हो गया, जो निरन्तर जारी था।



उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि यह सारा अतिक्रमण यथाशीघ्र हट जाना चाहिये। इसके पश्चात जिलाधिकारी की नजर बन्धे के दूसरी तरफ गुर्जरों द्वारा किये गये अतिक्रमण पर गयी, तो उन्होंने उसे भी कल शाम तक समय देते हुये हटाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक सप्तऋषि बन्धा निकट लालकोठी के आसपास का निरीक्षण करने के पश्चात लालजी वाला क्षेत्र में ही गेस्ट हाउस के निकट के क्षेत्र का मौका-मुआयना करने पहुंचे, जहां उन्होंने देखा कि सैकड़ों की तादात में झुग्गी-झोपड़ी डालकर पूरे क्षेत्र में अतिक्रमण किया गया है। इस पर जिलाधिकारी ने झुग्गी-झोपड़ियों में रह रहे लोगों को थोड़ा समय देते हुये आगामी 03 मई तक पूरे क्षेत्र को खाली करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि सरकारी जमीनों पर किसी भी प्रकार का कोई भी अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जायेगा तथा कहीं पर भी अगर सरकार की एक इंच भी जमीन पर अतिक्रमण किया गया है, तो उसे अतिक्रमण से मुक्त कराया जायेगा। इस अवसर पर एसडीएम पूरण सिंह राणा, एमएनए दयानन्द सरस्वती, एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई सुश्री मंजू, एसपी ट्रैफिक/क्राइम रेखा यादव, सीओ सिटी सहित पुलिस व प्रशासन के सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।

## जेई-एई पेपर लीक कांड में अभ्यर्थियों सहित 96 के खिलाफ चार्जशीट, एसएसपी ने दी जानकारी

**हरिद्वार।** राज्य लोक सेवा आयोग की बहुचर्चित जेई-एई पेपर लीक कांड में एसआईटी ने आखिरकार 96 आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी है। खास बात यह है कि गिरफ्तार कर जेल भेजे गए 21 आरोपियों के साथ-साथ पेपर खरीदकर परीक्षा देने वाले 75 अभ्यर्थियों को भी चार्जशीट में आरोपी बनाया गया है। वहीं, पटवारी पेपर लीक कांड में 20 आरोपियों व 40 अभ्यर्थियों के खिलाफ पहले ही एसआईटी अपनी चार्जशीट दाखिल कर चुकी है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि जेई-एई भर्ती परीक्षा में धांधली में एसआईटी ने मास्टर माइंड संजीव चतुर्वेदी सहित कुल 21 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। लीक हुआ पेपर खरीदकर परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों के बयान भी दर्ज किए गए थे।

एसएसपी ने बताया कि 21 आरोपियों के साथ ही 75 छात्रों को भी प्रयाप्त साक्ष्यों के आधार पर उनके खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की गई है। इन सभी आरोपियों के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई अब कोर्ट में की जाएगी। बताया कि विवेचना के दौरान 20 लाख 49 हजार रुपये की रिकवरी की गई। मुख्य आरोपी संजीव चतुर्वेदी के भांजे अनुराग के बैंक खाते में 13 लाख 41 हजार फ्रीज कराए गए। साथ ही संजीव चतुर्वेदी को रिमांड पर लेकर करीब 35 लाख की ज्वैलरी भी बरामद बरामद कराई गई।

## धर्मनगरी का माहौल बिगाड़ने वालों के विरुद्ध हरिद्वार पुलिस की कड़ी कार्यवाही

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

हरिद्वार । हरिद्वार स्थित एक होटल में अवैध देह व्यापार की सूचना मिलने पर AHTU, CIU व कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम के साझा प्रयास से अवैध देह व्यापार का भंडाफोड़ करते हुए देह व्यापार के दलदल में फंसी लड़कियों को आजाद कराते हुए दो होटल मैनेजर को दबोचने में सफलता हासिल की जबकि दो अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।


### क्या है मामला

कुछ दिनों से हरिद्वार कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत स्थित होटल में लगातार देह व्यापार की सूचना मिल रही थी। जिसपर हरिद्वार पुलिस ने कड़ी कार्यवाही की।

### पुलिस कार्यवाही (टीम वर्क)

लगातार मिल रही देह व्यापार की सूचनाओं का भंडाफोड़ करने हेतु पुलिस टीम द्वारा सादे कपड़ों में खुद ग्राहक बन कर दलाल से व्हाट्सएप पर बात की। जिसपर दलाल द्वारा व्हाट्सएप पर महिलाओं की फोटो भेज कर रेट तय करने के साथ होटल की जानकारी साझा की गई।

इस पर 04 पुलिस कर्मी सादे कपड़ों में ग्राहक बन कर बताए गए होटल हिल व्यू में गए और बाकी पूरी टीम कुछ दूरी पर रुक गई। ग्राहक बन कर होटल गए पुलिस कर्मियों को होटल संचालक द्वारा 02 अलग अलग कमरों में 02 लड़कियों के होने की बात बताई जिस पर ग्राहक बन कर गए पुलिस कर्मियों द्वारा अपनी पूरी टीम को इसकी जानकारी साझा की गई। मौके पर पहुंच कर पुलिस टीम द्वारा बताए गए कमरों को खुलवाने पर 02 अलग अलग कमरों से 02 लड़कियां (पीड़िताए) मिली। जिनके द्वारा बताया गया की वो काम धंधे की तलाश में हरिद्वार आई थी जिनकी मुलाकात रेलवे स्टेशन पर सपना राजपूत नाम की महिला से हुई जिसने इनकी मुलाकात हिल व्यू होटल में काम करने वाले मैनेजर इबदुल्लाह उर्फ रिहान व सोनू से कराई जिनके द्वारा इनको पैसों का लालच दे कर इस गलत धंधे में धकेल दिया गया।



**होटल में चल रहे अवैध देह व्यापार का किया भंडाफोड़**

**02 होटल मैनेजर गिरफ्तार, फरार 02 अन्य की तलाश जारी**

**खुद ग्राहक बन पुलिस ने खोले कई राज**

**दिल्ली और पंजाब की लड़कियों से कराया जा रहा था देह व्यापार**

**पैसों का लालच देकर दो युवतियों को धकेला था देह व्यापार के दलदल में**

### नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त

- इबदुल्लाह उर्फ रिहान निवासी निवासी ग्राम रसूलपुर दबेढी थाना कोतवाली बुढ़ाना, मु0 नगर उ0प्र0 (होटल मैनेजर हिल व्यू)
- मुकेश शर्मा पुत्र सतपाल शर्मा निवासी जींद थाना सदर जिला जिंद हरियाणा (होटल मैनेजर रैमसन)

### फरार/वंचित अभियुक्त

- सोनू नाम पता नामालूम
- सपना राजपूत नाम पता ना मालूम

### पुलिस टीम

AHTU
CIU
कोतवाली नगर

# देश में बिजली खपत अप्रैल में घटकर 130.57 अरब यूनिट रही



**नई दिल्ली।** देश में बिजली खपत लगातार दूसरे महीने अप्रैल में 1.1 प्रतिशत घटकर 130.57 अरब यूनिट रही। विभिन्न इलाकों में हो रही बारिश से एसी, कूलर जैसे उपकरणों का उपयोग पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले कम होने से बिजली खपत कम हुई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार एक साल पहले इसी अवधि में बिजली खपत 132.02 अरब यूनिट रही थी जो अप्रैल 2021 में 117.08 अरब यूनिट थी। देश के विभिन्न भागों में बारिश से इस साल मार्च में भी बिजली खपत प्रभावित हुई। यह मार्च में 126.82 अरब यूनिट रही जो एक साल पहले इसी महीने में 128.47 अरब यूनिट थी। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर मार्च और अप्रैल में बारिश नहीं होती, तब बिजली खपत में अच्छी वृद्धि होती।

उनका कहना है कि बारिश से बिजली की मांग कम हुई है क्योंकि लोग पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले एसी, कूलर जैसे उपकरणों का कम उपयोग कर रहे हैं।

आंकड़ों के अनुसार बिजली की अधिकतम मांग अप्रैल में बढ़कर 2,15,880 मेगावॉट पहुंच गई।

इससे पिछले साल अप्रैल 2022 में यह 2,07,230 मेगावॉट थी।

बिजली मंत्रालय के अनुसार इस साल बिजली की अधिकतम मांग इस गर्मी के मौसम में 2,29,000 मेगावॉट पहुंचने का अनुमान है।

# कृषि, आर्थिक गतिविधियों में तेजी से अप्रैल में पेट्रोल, डीजल की मांग बढ़ी

**नई दिल्ली।** रबी फसलों की कटाई का समय होने और आर्थिक गतिविधियों में उछाल से अप्रैल में डीजल की मांग बढने से ईंधन की बिक्री में बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

पेट्रोलियम उद्योग के सोमवार को जारी शुरुआती मासिक आंकड़ों से पता चलता है कि एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में डीजल की मांग 6.7 प्रतिशत बढ़कर 71.5 लाख टन रही। इस तरह देश भर में कुल ईंधन खपत में डीजल का हिस्सा करीब 40 प्रतिशत रहा।

मासिक आधार पर ईंधन बिक्री में 4.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। मार्च में मौसमी सुस्ती होने से डीजल की खपत 68.3 लाख टन रही थी।

वहीं अप्रैल में पेट्रोल की बिक्री सालाना आधार पर करीब 2.5 प्रतिशत बढ़कर 26.4 लाख टन हो गई। लेकिन फरवरी की तुलना में मासिक आधार पर पेट्रोल की बिक्री में 0.5 प्रतिशत की मामूली गिरावट दर्ज की गई।

दरअसल, मार्च के दूसरे पखवाड़े से ही औद्योगिक एवं आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने से पेट्रोल और डीजल की मांग में तेजी देखने को मिल रही है।

विमानन क्षेत्र में कोविड-19 महामारी के समय लगी सभी बंदिशें खत्म होने का असर देश के कुल यात्री आवागमन पर देखा जा रहा है और हवाई यात्रियों की संख्या अब महामारी-पूर्व के स्तर के करीब पहुंच चुकी है। विमान ईंधन एटीएफ की मांग अप्रैल, 2022 की तुलना में 15.4 प्रतिशत बढ़कर 5.95 लाख टन पर पहुंच गई।

उद्योग जगत के सूत्रों ने कहा कि अप्रैल में रबी मौसम की फसलों की कटाई और अर्थव्यवस्था में सुधार से पेट्रोल और डीजल की मांग में बढ़ोतरी हुई है। औद्योगिक गतिविधियों बढने से भी देश की ईंधन की मांग बढ़ रही है।

रसोई गैस एलपीजी की बिक्री अप्रैल में साल भर पहले की तुलना में 2.7 प्रतिशत घटकर 21.9 लाख टन पर आ गई। वहीं फरवरी की तुलना में एलपीजी की खपत 8.1 प्रतिशत गिरी है।

# मंडियों में चार लाख टन गेहूं की खरीद



**अमृतसर (वार्ता)।** पंजाब में सरकार स्मार्ट प्रबंध के तहत सदका की मंडियों में गेहूं की खरीद सुचारू रूप से कर रही है और ऐसा पहली मंडियों से गोदामों तक गेहूं ले जाने वाले सभी वाहनों को जीपीएस ट्रैक किया गया है।

यह जानकारी देते हुए रविवार उपायुक्त हरप्रीत सिंह सूदन ने गेहूं की खरीद प्रक्रिया के संबंध में अपने विचार सांझा करते हुए दी। उन्होंने बताया कि पूर्व में हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के बावजूद जिले में गेहूं का बंपर उत्पादन हुआ है और मंडियों में पिछले साल की तुलना में अधिक फसल आ रही है।अभी तक मंडियों में चार लाख टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है.

उन्होंने बताया कि मंडियों में आवक भी पिछले वर्षों की तुलना में बढ़ रही है और अधिक गेहूं आने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि सरकार के आदेश और मंडियों की आवश्यकता को देखते हुए उठान में भी तेजी की है और उपार्जित गेहूं का भुगतान भी निर्धारित समय में किया जा रहा है।

# रजनीश कर्नाटक बने बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया ने रजनीश कर्नाटक को प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी बनाया है।

बैंक ने रविवार को जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी देते हुए कहा कि रजनीश कर्नाटक को बैंकिंग क्षेत्र में काम करने का 29 वर्ष से अधिक का अनुभव है वह अक्टूबर 2021 में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक बने थे। इससे पहले वह पंजाब नेशनल बैंक के मुख्य महाप्रबंधक पद पर थे।

श्री कर्नाटक ने वाणिज्य शास्त्र में स्नातकोत्तर की उपाधि हासिल की है। वह इंस्टिट्यूट ऑफ बैंक कर्ज के सर्टिफाइड एसोसिएट हैं।

IDBI BANK

# आईडीबीआई बैंक का मुनाफा 64 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** सार्वजनिक क्षेत्र के आईडीबीआई बैंक लिमिटेड का समाप्त वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में शुद्ध मुनाफा इसके पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 691 करोड़ रुपये के मुकाबले 64 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 1133 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। बैंक ने जारी बयान में बताया कि वित्त वर्ष 2022-23 की अंतिम तिमाही में उसे 1133 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ, जो वित्त वर्ष 2021-22 के 691 करोड़ रुपये की तुलना में 64 प्रतिशत अधिक है। इस अवधि में उसका परिचालन मुनाफा 1513 करोड़ रुपये के मुकाबले 60 प्रतिशत बढ़कर 2425 करोड़ रुपये हो गया। इसी तरह आलोच्य अवधि में उसका शुद्ध ब्याज आय 2420 करोड़ रुपये की तुलना में 35 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 3280 करोड़ रुपये हो गई। उसकी सकल गैर निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) 20.16 प्रतिशत से घटकर 6.38 प्रतिशत रह गई। इसी तरह उसका शुद्ध एनपीए 1.36 प्रतिशत से कम होकर 0.92 प्रतिशत हो गया है। बैंक का 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2022-23 में शुद्ध मुनाफा 49 प्रतिशत बढ़कर 3645 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इसी तरह आलोच्य अवधि में उसका परिचालन मुनाफा 17 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 8736 करोड़ रुपये हो गया है।

# Lava ने लांच किया सस्ता 5जी स्मार्टफोन, जानें कीमत और फीचर्स

**नई दिल्ली।** स्मार्टफोन निर्माता कंपनी Lava ने भारतीय बाजार में अपना नया 5जी स्मार्टफोन Blaze 1X लांच कर दिया है। इस स्मार्टफोन में 6.5 इंच की डिस्प्ले और 50MP का कामरा दिया गया है। फोन की स्क्रीन 90Hz रिफ्रेश रेट सपोर्ट करती है। फोन में 5000mAh की बैटरी दी गई है जो 15W चार्जिंग सपोर्ट करती है। कंपनी ने अभी तक इस फोन की कीमत और उपलब्धता की जानकारी का खुलासा नहीं किया है, हालांकि यह उम्मीद की जा रही है कि स्मार्टफोन की कीमत 12 हजार रुपए से कम होगी।

फोन के फीचर्स की बात करें तो फोन में 6जीबी रैम और 128जीबी इंटरनल स्टोरेज है। फोन की स्टोरेड को एसडी कार्ड जोड़कर 1टीबी तक बढ़ाया जा सकता है। फोन के कैमरा की बात करें तो इसमें f/1.8 अपर्चर डेप्थ सेंसर और 2MP मैक्रो शूटर के साथ 50MP का मुख्य कैमरा के साथ ट्रिपल रियर कैमरा दिया है। सेल्फी के लिए फोन में f/2.0 अपर्चर के साथ 8MP का फ्रंट स्नैपर दिया गया है। Lava Blaze 1X स्मार्टफोन Android 12 पर काम करता है। फोन में सिक्योरिटी के लिए साइट माउंटेड फिंगरप्रिंट सेंसर दिया गया है।



# यशस्वी जायसवाल का शतक बेकार, मुबंई रोमांचक मुकाबले में छह विकेट से जीती



**मुबंई** – गेंद और बल्ले से खुद को उम्दा साबित करते हुये मुबंई इंडियंस ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के एक हजारवें मुकाबले में राजस्थान रायल्स के खिलाफ छह विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की। यशस्वी जायसवाल (124) के शतक की बदौलत राजस्थान ने पहले खेलते हुये सात विकेट पर 212 रनों का स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में मुबंई के बल्लेबाजों ने एक इकाई के तौर पर खेलते हुये 213 के विजयी लक्ष्य को तीन गेंदे शेष रहते हुये चार विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया।

कप्तान रोहित शर्मा (3) का विकेट जल्द गंवाने के बाद मुबंई ने इशान किशन (28) और कैमरून ग्रीन (44) ने दूसरे विकेट के लिये 62 रन जोड़े जबकि फार्म में आये धाकड़ बल्लेबाज सूर्य कुमार यादव (55) ने धुआंधार प्रदर्शन करते हुये लक्ष्य की ओर टीम के कदम तेजी से बढा दिये। बची खुची कसर तिलक वर्मा (29) और टिम डेविड (45 रन, 14 गेंद) ने पूरी कर दी और लगातार दो हार के सदमे से बाहर निकलते हुये मुबंई ने शानदार जीत हासिल की। तिलक और डेविड ने 26 गेंदो पर जीत के लिये जरूरी 62 रन जोड़ लिये। डेविड ने तूफानी पारी में पांच छक्के और दो चौके लगाये।

रविचंद्रन अश्विन (27 रन पर दो विकेट) ने अनुशासित गेंदबाजी कर एक समय मुबंई के बल्लेबाजों को बांध कर रखा था मगर दूसरे छोर पर अपेक्षित सहयोग न मिलने से रनो की रफ्तार बढती ही गयी। जेसन होल्डर सबसे महंगे गेंदबाज साबित हुये वहीं ट्रेंट बोल्ट भी मुबंईया बल्लेबाजों पर अंकुश नहीं लगा सके।

इससे पहले एक छोर पर विकेटों के पतझड़ के बीच राजस्थान के यशस्वी जायसवाल (124) ने यादगार शतकीय पारी खेली। वानखेड़े स्टेडियम का शायद ही कोई ऐसा कोना बचा हो जहां यशस्वी ने प्रहार न किये हो। उत्तर प्रदेश के छोटे से गांव से निकल कर क्रिकेट सीखने के लिये मायानगरी मुबंई को अपना आशियाना बनाने वाले 21 साल के इस नौजवान खिलाड़ी ने राजस्थान ही नहीं बल्कि पूरे देश को अपने प्रदर्शन से मंत्रमुग्ध कर दिया। अपने टी-20 करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के दौरान यशस्वी ने 112 मिनट क्रीज पर टिक कर 62 गेंदो का सामना किया और इस दौरान 16 चौके और आठ छक्के लगाये। पारी के आखिरी ओवर में अरशद खान ने उन्हे अपनी ही गेंद पर लपक कर विदा किया। यशस्वी के साथ सबसे बड़ी 72 रन की भागीदारी जोस बटलर (18) के साथ हुयी। बटलर के आउट होने के बाद विकेटों का पतझड़ शुरू हो गया जो पारी के अंत तक जारी रहा। राजस्थान के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने में बाद में गेंदबाजी करने आये अरशद खान खासे प्रभावी दिखे जिन्होने तीन ओवर फेंके और 39 रन देकर तीन विकेट झटके। इससे पहले पियूष चावला ने दो अहम विकेट लेकर मेहमानों को परेशानी में डाला।

# धरने पर बैठे पहलवानों का बयान: हमारे मन की बात भी तो सुनें पीएम बृजभूषण से बड़ा कोई अपराधी नहीं



**नई दिल्ली**। दिल्ली के जंतर-मंतर पर पहलवानों का धरना रविवार को आठवें दिन भी जारी रहा। इस प्रदर्शन के दौरान पहलवानों ने प्रेस कान्फ्रेंस कर अपने लिए इनसाफ की मांग उठाई और कहा कि प्रधानमंत्री हमारे मन की बात भी सुनें। भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह से बड़ा कोई अपराधी नहीं है। विनेश फोगाट ने कहा कि करोड़ों लोग हमारे समर्थन में बैठे हैं, यही हमारी ताकत है। विरोध प्रदर्शन में बजरंग पुनिया ने कहा कि जब तक इनसाफ नहीं होगा, हमारी लड़ाई जारी रहेगी। फेडरेशन इस आंदोलन को दूसरा रूप देना चाहती है। हमें कोर्ट पर पूरा भरोसा है। पहलवान बजरंग पुनिया ने परिवारवाद के मुद्दे पर कहा कि सारा परिवारवाद वहीं हो रहा है और आरोप हम पर लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी खिलाड़ी का क्रिमिनल रिकार्ड नहीं है, बल्कि बृजभूषण का क्रिमिनल रिकार्ड है। बृजभूषण अब भी मुस्कुराते हुए बयान रहा है।

ऐसे इनसान को कोई मंच नहीं देना चाहिए। बृजभूषण ने कौन सा बड़ा काम किया, जो उसे फूल माला पहनाई जा रही है। इससे बड़ा अपराधी हिंदुस्तान में कोई नहीं है। बता दें कि दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों द्वारा द्वारा लगाए गए यौन उत्पीडन के आरोपों के संबंध में दो प्राथमिकी दर्ज की थीं। पहली प्राथमिकी एक नाबालिग द्वारा लगाए गए आरोपों से संबंधित है, जिसमें बाल यौन शोषण के खिलाफ कानून (पोक्सो) के भारतीय दंड संहिता की प्रासंगिक धाराएं जोड़ी गई हैं। दूसरी प्राथमिकी में अन्य महिला पहलवानों के आरोप हैं।

## अतंरराष्ट्रीय

# मेक्सिको में भीषण सड़क हादसा, गहरी खाई में गिरी पर्यटक बस, 18 लोगों की मौत, 33 घायल




**मेक्सिको सिटी**। पश्चिमी मेक्सिको में एक पर्यटक बस के खाई में गिर जाने से कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई और 33 अन्य घायल हो गए हैं। नयारित राज्य के अभियोजक कार्यालय ने यह जानकारी दी है। दुर्घटना नयारित की राजधानी टेपिक और प्यूर्टो वालार्टा शहर को जोड़ने वाले एक राजमार्ग पर हुई।

नयारित अभियोजक कार्यालय ने रविवार को ट्विटर पर एक बयान में कहा कि पर्यटक बस दुर्घटना में 11 महिलाओं और सात पुरुषों की मौत हो गई। अन्य 33 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के अनुसार, गुआडालाजारा शहर से नयारित राज्य की कॉम्पोस्टेला नगर पालिका स्थित रिनकॉन डी गुआयाबिटोस जाने के दौरान बस लगभग 50 फुट खाई में गिर गई। मामले की जांच की जा रही है।

# ईरान ने अशांति भड़काने की कोशिश करने वाले लोगों को गिरफ्तार किया

**तेहरान, (वार्ता)**। ईरान ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल की योजना बनाकर देश में अशांति भड़काने की कोशिश करने वाले एक समूह के लोगों को गिरफ्तार किया है और 'फर्जी' छात्रों को जहर देने का मामला फिर से सामने आया है।अर्ध-सरकारी फ़ार्स समाचार एजेंसी ने रविवार को यह जानकारी दी।

रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि गिरफ्तार किए गए लोग इस्लामिक विरोधी समूहों, ईरान विरोधी मुजाहिदीन-ए खल्क संगठन के साथ-साथ फ्रांसीसी जासूस एजेंटों से जुड़े हुए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि गिरफ्तार किए गए सभी लोगों का आपराधिक रिकॉर्ड है और उन्हें कुछ समय के लिए हिरासत में लिया गया, लेकिन ईरान



के सर्वोच्च नेता अली खमेनेई द्वारा दिये गए क्षमादान के तहत उन्हें रिहा कर दिया गया।

# गुटेरेस ग्रिफिथ्स को भेज रहे है सूडान



**संयुक्त राष्ट्र (वार्ता)**। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस सूडान में तेजी से बिगड़ते मानवीय संकट को देखते हुए विश्व निकाय के आपातकालीन राहत समन्वयक मार्टिन ग्रिफिथ्स को तत्काल सूडान भेज रहे है। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने एक बयान में कहा कि सूडान में जो कुछ भी हो रहा है उसका पैमाना और गति अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सूडान और व्यापक क्षेत्र में सभी लोगों पर तत्काल और साथ ही दीर्घकालिक प्रभाव से बेहद चिंतित है। उन्होंने कहा कि हम एक बार फिर संघर्ष के सभी पक्षों से नागरिकों और नागरिक बुनियादी ढांचे की रक्षा करने का आग्रह करते हैं और नागरिकों के लिए सुरक्षित मार्ग की अनुमति देते हैं। सूडान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, सूडानी सेना और अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स के बीच 15 अप्रैल को हुई झड़पों में 500 से अधिक लोग मारे गए और 4,000 से अधिक घायल हुए हैं।

# कर्नाटक चुनाव आपके बारे में नहीं है : राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर साधा निशाना

**कर्नाटक।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें यह समझना चाहिए कि कर्नाटक चुनाव उनके बारे में नहीं है। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री के इस आरोप को लेकर यह बात कही कि कांग्रेस की ओर से उन्हें 91 बार अपशब्द कहे गए। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री से कहा कि उन्हें अपने बारे में बात करने के बदले कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार के काम और भविष्य की योजनाओं के बारे में चर्चा करनी चाहिए। उन्होंने यहां तुमकुरु जिले में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा, "आप (प्रधानमंत्री मोदी) कर्नाटक में चुनाव प्रचार करने के लिए आते हैं, लेकिन आप कर्नाटक के बारे में नहीं बोलते हैं। आप अपने बारे में बोलते हैं। आपको यह बताना चाहिए कि आपने पिछले तीन साल में कर्नाटक में क्या किया? आपको अपने भाषणों में इस बारे में बताना चाहिए कि अगले पांच साल में आप क्या करेंगे, आप युवाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई के लिए क्या करेंगे? कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा, "यह चुनाव आपके बारे में नहीं है, यह कर्नाटक के लोगों और उनके भविष्य को लेकर है। आप कहते हैं कि कांग्रेस ने आपको 91 बार अपशब्द कहे, लेकिन आपने इस बारे में कोई चर्चा नहीं की कि कर्नाटक के लिए आपने क्या किया? आप अपने अगले भाषण में यह बताइए कि आपने कर्नाटक के लिए क्या किया और अगले पांच साल में आप क्या करेंगे?"



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की जहरीला सांप वाली टिप्पणी को लेकर पार्टी पर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा था कि कांग्रेस और उसके नेता अब तक 91 बार अलग-अलग तरह से उन्हें अपमानित कर चुके हैं। राहुल गांधी ने कहा कि वह जब कर्नाटक आते हैं और भाषण देते हैं, तो सिद्धरमैया और डी के शिवकुमार जैसे अपनी पार्टी के नेताओं और उनके काम की चर्चा करते हैं। प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा, "हम अपने सभी नेताओं के नाम लेते हैं। आप (मोदी) यहां आते हैं और अपने मुख्यमंत्री (बसवराज बोम्मई) एवं (बी एस) एदियुरप्पा (पूर्व मुख्यमंत्री) का नाम नहीं लेते हैं। आपके भाषण सिर्फ नरेंद्र मोदी के बारे में होते हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा, "आप एक-दो बार बोम्मई और एदियुरप्पा का भी नाम लेने का प्रयास करें, उन्हें खुशी होगी" उन्होंने कहा कि यह चुनाव कर्नाटक के लोगों, युवाओं और माताओं एवं बहनों के बारे में है तथा "यह किसी एक व्यक्ति के बारे में नहीं है, नरेंद्र मोदी के बारे में नहीं है। प्रधानमंत्री को यह समझना होगा। इस जनसभा में कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल और प्रदेश कांग्रेस के नेतागण भी मौजूद थे। राहुल गांधी ने अपने भाषण के दौरान कांग्रेस की चुनावी गारंटी का भी जिक्र किया।

जिनमें सभी घरों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली (गृह ज्योति), सभी परिवार की महिला मुखिया को हर महीने 2,000 रुपए की सहायता (गृह लक्ष्मी), गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों के हर सदस्य को 10 किलोग्राम मुफ्त चावल (अन्ना भाग्य), स्नातक युवाओं के लिए दो साल तक हर महीने 3,000 रुपए और डिप्लोमा धारकों के लिए।,500 रुपए (युवानिधि) एवं सार्वजनिक परिवहन की बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा (सखी) योजना शामिल हैं।

## छोटी खबरें

### छत्तीसगढ़ में वरिष्ठ आदिवासी नेता नंद कुमार साय कांग्रेस में शामिल

**रायपुर, (भाषा)।** छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) छोडऩे के एक दिन बाद वरिष्ठ आदिवासी नेता नंद कुमार साय सोमवार को राज्य की सत्ताधारी पार्टी कांग्रेस में शामिल हो गए। साय का यह कदम छत्तीसगढ़ में इस वर्ष के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मुख्य विपक्ष दल भाजपा के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। कांग्रेस में शामिल होने के दौरान साय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का जो स्वरूप था आज वह बचा नहीं है। तीन बार लोकसभा सदस्य और तीन बार विधायक रह चुके साय (77) पूर्व में छत्तीसगढ़ और अविभाजित मध्य प्रदेश में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। साय का राज्य के उत्तर छत्तीसगढ़ के (सरगुजा संभाग) आदिवासी बहुल हिस्सों में काफी प्रभाव है। साय यहां कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम और राज्य के मंत्रियों की उपस्थिति में कांग्रेस में शामिल हुए। कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए साय ने कहा, भारतीय जनता पार्टी का जो स्वरूप था वह आज बचा नहीं है। मैंने अटल जी (अटल बिहारी वाजपेई) आडवाणी जी (लालकृष्ण आडवाणी), सुषमा स्वराज जी और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ काम किया है। लेकिन आज मैं भाजपा में साधारण सदस्य था। मुझे किसी दायित्व में नहीं लगाया था। मुझे दायित्व की आवश्यकता नहीं है लेकिन पार्टी काम कैसे करे, इसमें शामिल तो किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, पार्टी से मुझे बहुत परेशानी नहीं है। दल से कोई दिक्कत नहीं था। दल कोई महत्वपूर्ण नहीं है लेकिन सारे लोगों को मिलकर आम लोगों का काम करना चाहिए। पार्टी का यह महत्वपूर्ण उद्देश्य होना चाहिए। मैंने तय किया कि भूपेश जी के नेतृत्व में कांग्रेस अच्छा काम कर रही है। यहां गरीब, पिछड़े और तमाम प्रकार के लोग हैं, उनके उत्थान का काम हो रहा है।

### 'लोगों के दरवाजे तक कल्याणकारी लाभ पहुंचाने हेतु 'नाबो ज्वार' शुरू किया गया'



**कोलकाता(वार्ता)।** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने सोमवार को कहा कि विभाजनकारी राजनीति में शामिल होने के बजाय तृणमूल कांग्रेस ने कूचबिहार से काकद्वीप तक सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने और लोगों के दरवाजे पर कल्याणकारी लाभ पहुंचाने तथा बंगाल को एकजुट करने हेतु 'तृणमूल नाबो ज्वार' शुरू किया है। बनर्जी ने कहा, "एक तरफ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कल्याणकारी लाभों के साथ लोगों तक पहुंच रही हैं, दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बंगाल चुनाव हारने के बाद श्रमिकों और किसानों के बकाया भुगतान को रोक दिया है।" श्री बनर्जी पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव से पहले दो महीने की 'जोनो संजोग यात्रा' पर हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर सभी श्रमिकों का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने सोमवार को कहा कि तृणमूल नाबो ज्वार का उद्देश्य सभी वर्गों के लोगों के जीवन का कल्याण करना और उनकी भलाई सुनिश्चित करना है। मनरेगा की राशि 'जारी नहीं होने' पर कड़ी आपत्ति जताते हुए उन्होंने कहा, "बंगाल के करोड़ों रुपये की मनरेगा की बकाया राशि पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की चुप्पी परेशान करने वाली है।" बनर्जी ने ट्वीट कर कहा, "देश में लोग जहां रोजी-रोटी के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

# पायलट ने कॉकपिट में बिठाई गर्लफ्रेंड, एयर इंडिया को नोटिस, डीजीसीए ने पांच मई तक जवाब मांगा, इनसे भी सवाल



**नई दिल्ली।** दुबई से दिल्ली आ रही एयर-इंडिया की एक फ्लाइट में 21 अप्रैल को पायलट ने अपनी गर्लफ्रेंड को कॉकपिट में बिठाया था। अब इस मामले में डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने एयर इंडिया के सीइओ कैंपबेल विल्सन को कारण बताओ नोटिस भेजा है। वहीं, डीजीसीए ने जांच में देरी करने और संबंधित अथॉरिटी को जानकारी न देने के लिए चीफ ऑफ फ्लाइट सेफ्टी हेनरी डोनोहो को भी नोटिस जारी किया है। डीजीसीए के एक अधिकारी ने न्यूज एजेंसी को बताया कि इस मामले में 21 अप्रैल को नोटिस जारी किए गए थे। दोनों को अपना जवाब देने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है। उन्हें पांच मई तक नोटिस का जवाब देना होगा। वहीं, मामले की जांच पूरी होने तक क्रूर मेंबर्स की ड्यूटी न लगाने का निर्देश दिया था। फिलहाल एअर इंडिया की ओर से इस मामले में कोई बयान नहीं आया है।

# मोदी ने राज्य स्थापना दिवस पर गुजरात और महाराष्ट्र के लोगों को दी बधाई

**नयी दिल्ली, (वार्ता)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को गुजरात और महाराष्ट्र के स्थापना दिवस पर वहां के लोगों को बधाई दी। मोदी ने ट्वीट कर गुजरात के लोगों को बधाई दी और कहा, "गुजरात ने अपनी सर्वांगीण प्रगति के साथ ही अपनी अनूठी संस्कृति के कारण एक छाप छोड़ी है। गुजरात स्थापना दिवस की बधाई। मैं प्रार्थना करता हूं कि राज्य आने वाले समय में विकास की नई ऊंचाइयों को छूता रहे।"

उन्होंने महाराष्ट्र के लोगों को भी अपनी शुभकामनाएं दीं और कहा कि राज्य को एक महान संस्कृति और मेहनती लोगों का आशीर्वाद प्राप्त है। उन्होंने कहा, "महाराष्ट्र दिवस की शुभकामनाएं। राज्य को महान संस्कृति और मेहनती लोगों का आशीर्वाद प्राप्त है, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय प्रगति को समृद्ध किया है। मैं आने वाले वर्षों में महाराष्ट्र की निरंतर प्रगति के लिए प्रार्थना करता हूं।" गौरतलब है कि महाराष्ट्र दिवस भाषाई आधार पर बम्बई राज्य के दो राज्यों गुजरात और महाराष्ट्र में विभाजन को चिह्नित करने के लिए मनाया जाता है। बम्बई पुनर्गठन अधिनियम ने 1960 में बम्बई राज्य को दो अलग-अलग राज्यों, गुजरात और महाराष्ट्र में विभाजित कर दिया था।



# 'द केरल स्टोरी' फिल्म पर लगे बैन, 32 हजार लड़कियों के धर्म परिवर्तन की बात गलत: सीएम विजयन



**तिरुवनंतपुरम।** फिल्म 'द केरल स्टोरी' पर बैन लगाने की मांग केरल में सत्ताधारी सीपीआई और विपक्षी पार्टी कांग्रेस मांग कर रही हैं। केरल के सीएम पिनाराई विजयन ने फिल्म को संघ परिवार की झूठ फैक्टरी का प्रोडक्ट बताया है। उन्होंने कहा कि इसे राज्य के खिलाफ नफरत फैलाने के मकसद से बनाया गया है। फिल्म 'द केरल स्टोरी' के ट्रेलर में दावा किया गया है कि केरल की 32 हजार लड़कियों ने अपना धर्म परिवर्तन कर इस्लाम अपना लिया और आतंकी संगठन आईएसआईएस में भर्ती हो गईं। फिल्म में चार लड़कियों की कहानी दिखाई गई है, जिनका साजिश के तहत ब्रेनवॉश किया गया।

बाद में उनका धर्म परिवर्तन करवा कर आईएसआईएस के पास भेज दिया गया। फिल्म में एक्ट्रेस अदा शर्मा ने मुख्य भूमिका निभाई है। इसे सुदीप्तो सेन ने डायरेक्ट किया है और विपुल शाह ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म पांच मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। केरल के मुख्यमंत्री विजयन ने कहा कि संघ परिवार फिल्म और कहानियों के जरिए विभाजन की राजनीति करना चाह रहा है। 32 हजार महिलाओं का धर्म परिवर्तन कर आईएसआईएस में शामिल होना सबसे बड़ा झूठ है। संघ परिवार केरल में धार्मिक सद्भाव के माहौल को बिगाडक़र सांप्रदायिकता का जहर फैलाना चाहता है।







# समाजवादी पार्टी सभी वर्गों को समान विकास के लिए संकल्पबद्ध : सुमित तिवारी

- हरिद्वार लक्सर रोड स्थित बैंकट हाल में सैंकड़ों लोगों ने ली समाजवादी पार्टी की सदस्यता
- जिलाध्यक्ष सुमित तिवारी के नेतृत्व में सैंकड़ों लोगों ने थामा समाजवादी पार्टी का दामन
- प्रदेश अध्यक्ष शंभू प्रसाद पोखरियाल ने दिलाई पार्टी की सदस्यता
- जिले में लगातार बढ़ रहा समाजवादी पार्टी का कुनबा : सुमित तिवारी






उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** 1 मई को हरिद्वार लक्सर रोड स्थित नंद वाटिका में सैंकड़ों लोगों ने मजदूर दिवस के अवसर पर जिलाध्यक्ष सुमित तिवारी के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी का दामन थामा। जिनका पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शंभू प्रसाद पोखरियाल ने माला पहनाकर स्वागत किया।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शंभू प्रसाद पोखरियाल ने कहा की नई हवा है नई सपा है नारे के साथ पार्टी प्रदेश में लगातार आगे बढ़ रही है। और जिले में जिलाध्यक्ष सुमित तिवारी लगातार पार्टी को मजबूत करने का कार्य कर रहे है। पार्टी के जिलाध्यक्ष सुमित तिवारी ने कहा की समाजवादी पार्टी आने वाले लोकसभा चुनाव में अपनी निर्णायक भूमिका निभाने जा रही है। लोगों को पार्टी से जोड़ने के लिए विगत एक माह से प्रयास हो रहा था। जिसके परिणाम स्वरूप आज जिले के सैंकड़ों लोगों ने पार्टी का दामन थामा।

कार्यक्रम की व्यवस्था देख रहे पार्टी के जिला सचिव महेंद्र यादव ने कहा की मजदूर दिवस के अवसर पर समाजवादी पार्टी का हर कार्यकर्ता मजदूर, दबे पिछड़े वर्गों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं में पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष एस के रॉय, प्रदेश उपाध्यक्ष डी एस रावत, वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र पराशर, प्रदेश मिडिया प्रभारी कुलदीप शर्मा, प्रदेश महासचिव समीर आलम, प्रदेश सचिव महन्त शुभम गिरी, जिला सचिव बासुदेव यादव, आदि ने अपने विचार रखें। समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में जिला अध्यक्ष ग्रामीण साजिद अंसारी, कार्यकरिणी सदस्य महेश पाल, प्रिंस कुमार, संजय मौर्य, प्रमेंद्र यादव, रमेश कुमार, संजय यादव, लखन, संदीप कुमार सैनी, अजय मेंशन, राजेश कुमार, लालू यादव, अमित कुमार यादव, धनंजय सिंह, कमल कुमार, कृष्ण प्रसाद, राजौरी सिंह, अमित कुमार, दिलीप सिंह, संतराम यादव, हरेंद्र, भूपेंद्र, संजय, मदन पाल, सुखवीर सिंह, राघवेंद्र, राजेंद्र सिंह आदि बहुत बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।





## श्री अन्न महोत्सव को सफल बनाने के लिए मंत्री गणेश जोशी ने दिए दिशा निर्देश

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को सचिवालय में श्री अन्न महोत्सव 2023 की तैयारियों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की। यह महोत्सव 13-14 मई 2023 को सर्वे ऑफ इण्डिया, हाथीबड़कला देहरादून में प्रस्तावित है। कृषि विभाग द्वारा आयोजित श्री अन्न महोत्सव का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित मिलेट्स के अन्तर्राष्ट्रीय वर्ष की संकल्पना के अनुरूप मोटे अनाजों के स्वास्थ्यवर्धक लाभों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। इस महोत्सव में आंगतुक भारत के विभिन्न राज्यों के स्थानीय अनाजों के स्टॉलों का अवलोकन कर सकेंगे। इसके साथ ही इस महोत्सव में मिलेट्स की उपयोगिता पर चर्चा, वैज्ञानिक सत्र, सम्बन्धित संस्थानों, विश्वविद्यालयों तथा स्टार्टअप द्वारा मिलेट्स पर प्रस्तुतिकरण आदि आयोजित किए जाएंगे।



## धामी ने प्रधानमंत्री से 'ग्रीनफील्ड सिटी' के लिए 1000 करोड रुपये मांगे

**देहरादून, (भाषा)।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उधमसिंह नगर के किच्छा में स्थित 2000 एकड़ जमीन पर एक शहर विकसित करने के लिए केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय से एक हजार करोड़ रुपये की धनराशि उपलब्ध करवाने का अनुरोध किया। प्रधानमंत्री मोदी से नयी दिल्ली में एक शिष्टाचार भेंट के दौरान मुख्यमंत्री ने उन्हें बताया कि प्रदेश में शहरी क्षेत्रों के विकास के तहत पांच से सात नये शहर विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है और प्रथम चरण में किच्छा में स्थित 2000 एकड़ के पराग फार्म में एक शहर विकसित करने का प्रस्ताव है।



उन्होंने प्रधानमंत्री से रूद्रपुर से मात्र 15 किमी की दूरी पर राज्य राजमार्ग 47 पर प्रस्तावित इस 'ग्रीनफील्ड सिटी' के लिए केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय से 1000 करोड़ रुपये दिलवाने का अनुरोध किया। यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार, धामी ने बताया कि इस शहर से नजदीकी रेलवे स्टेशन पंतनगर होगा और आर्थिकी के दृष्टिकोण से अमृतसर-कोलकाता ओद्यौगिक गलियारे से गुजरेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रस्तावित शहर के समीप 200 से 250 एकड़ का नॉलेज पार्क तैयार करने का भी प्रस्ताव है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि इस शहर के विकसित होने पर लगभग 7000 करोड़ रुपये का निजी निवेश अपेक्षित है, जिसमें 50 हजार लोगों के रोजगार सृजन के साथ ही लगभग दो लाख लोगों की आवासीय व्यवस्था भी संभावित है। धामी ने प्रधानमंत्री से इस साल के अंत में प्रस्तावित 'इन्वेस्टर्स समिट' के उद्घाटन के लिए समय देने का भी अनुरोध किया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक/संपादक- विकास गर्ग ने भगवती प्रिंटिंग प्रेस, इंडस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार उत्तराखंड से मुद्रित करवाकर 54 आवास विकास, विवेक विहार, रानीपुर मोड़, हरिद्वार उत्तराखंड से प्रकाशित किया।
प्रकाशक / संपादक: विकास गर्ग- फोन : 9897766448, : मुख्य संपादक / सुमित तिवारी- फोन : 8077771906 : Email : uttarakhandprahari19@Gmail.com